Class - 7

Sub - Lower Hindi

① Page No : Date :

Ch: 3 - साहसी शिष्य

शब्दार्थ लिखकर याद करो -

Q. मौखिक

Q2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

क) समर्थ गुरु रामदास कहाँ रहते थे?

→ समर्थ गुरु रामदास जंगल में रहते थे।

ख) आश्रम में कहाँ से विद्यार्थी पढ़ने आते थे?

→ आश्रम में दूर-दूर से विद्यार्थी पढ़ने आते थे।

ग) गुरु जी क्यों छटपटा रहे थे?

→ गुरु जी के पेट में भयंकर पीड़ा थी इसलिए वे छटपटा रहे थे।

घ) गुरु जी की पीड़ा का समाचार सुनकर कौन दौड़ा-दौड़ा आया?

→ गुरु जी की पीड़ा का समाचार सुनकर उनका प्रिय शिष्य शिब्बू दौड़ा-दौड़ा आया।

ङ) शिब्बू ने हाथ जोड़कर अपने गुरु जी से क्या कहा?

→ शिब्बू ने हाथ जोड़कर अपने गुरु जी से कहा - गुरुदेव! आप दोपहर तक तो बिल्कुल ठीक थे, अचानक पीड़ा कैसे उत्पन्न हो गई?

लिखित

Q3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

क) गुरु जी ने शिब्बू के पूछने पर क्या उत्तर दिया?

→ गुरु जी ने शिब्बू के पूछने पर यह उत्तर दिया कि उनके पेट में जो पीड़ा होती है वह बहुत पुराना रोग है और इसकी औषधि लाना बहुत कठिन है।

Page No :
Date :

ख) गुरु जी ने अपने पेट के रोग के लिए क्या औषधि बताई?
> गुरु जी ने अपने पेट के रोग के लिए शेरनी के दूध को औषधि बताया।

ग) शिब्बू ने सुनते ही तुरंत क्या उत्तर दिया?
> शिब्बू ने सुनते ही तुरंत कहा - "भारत के बच्चे शेर के बच्चों के दाँतों को गिनते हैं। मैं शेरनी का दूध चुटकी बजाते ही लाऊँगा, गुरुदेव!"

घ) गुरु जी के चरण छूकर शिब्बू कहाँ चला गया?
> गुरु जी के चरण छूकर शिब्बू घने जंगल में चला गया।

ङ) उसके हाथों में जंगल जाते समय क्या था?
> जंगल जाते समय उसके दाएँ हाथ में तलवार और बाएँ हाथ में कटोरा था।

Pg-3

4. निम्नलिखित वाक्यों के उचित विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए-

(क) शिब्बू का गुरु रामदास से क्या संबंध था?

- (अ) वह उनका बेटा था। ☐
- (ब) वह उनका भाई था। ☐
- (स) वह उनका शिष्य था। ☑

(ख) शिब्बू ने शेरनी का दूध कैसे निकाला?

- (अ) कान पकड़ के ☑
- (ब) हाथ जोड़कर ☐
- (स) डरते-डरते ☐

(ग) शिब्बू आगे चलकर किस नाम से प्रसिद्ध हुआ?

- (अ) राजाराम ☐
- (ब) छत्रपति शिवाजी ☑
- (स) सम्राट अशोक ☐

5. कोष्ठक में से सही शब्दों को चुनकर रिक्त स्थान भरिए -

(क) शिब्बू समर्थ गुरु रामदास जी का ....शिष्य.... था। (पुत्र / शिष्य)

(ख) शिब्बू जंगल में ....शेरनी.... का दूध लेने गया। (ऊँटनी / शेरनी)

(ग) जंगल में ....शेर.... दहाड़ रहे थे। (हाथी / शेर)

(घ) शिब्बू ने शेरनी का दूध ....कटोरे.... में दुहा। (कटोरे / गिलास)

H/W 6. निम्नलिखित वाक्यों को क्रमानुसार लगाइए -

- (क) जंगल में शेरनी बच्चों को दूध पिला रही थी। ☐
- (ख) गुरु जी के पेट में पीड़ा हो रही थी। ☐
- (ग) दूध लेकर शिब्बू आश्रम की ओर चल पड़ा। ☐
- (घ) शिब्बू शेरनी का दूध लेने गया। ☐
- (ङ) शिब्बू ने शेरनी को बकरी की तरह दुहा। ☐